**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 26-05-2023**

**उधम सिंह नगर(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-05-26 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2023-05-27 | 2023-05-28 | 2023-05-29 | 2023-05-30 | 2023-05-31 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 3.0 | 2.0 | 0.0 | 2.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 33.0 | 34.0 | 35.0 | 35.0 | 36.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 19.0 | 20.0 | 21.0 | 22.0 | 23.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 75 | 75 | 70 | 75 | 70 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 30 | 30 | 30 | 30 | 30 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 12 | 9 | 10 | 12 | 12 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 120 | 110 | 120 | 120 | 320 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 6 | 5 | 5 | 4 | 1 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (19-25 मई, 2023) में कुल 18.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है तथा अधिकतम और न्यूनतम तापमान 31.0 से 38.5 डि० से ० और 19.5 से 25.7 डि० से ० रहा । पिछले साथ दिनों में कही-कही बदल देखे गए। 23 तथा 25 मई को अंधड़ के साथ साथ वर्षा भी देखि गयी। वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 54 से 83 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 25 से 56 प्रतिशत एवं हवा 2 .0 से 8 .2 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः उत्तर-उत्तर-पूर्व दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, 26 , 27 और 29 मई को कहीं-हींकहीं बूंदा-बांदी हो सकती है तथा बदल छाए रह सकते है । अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 33 .0 से 36 .0 व 19 .0 से 23.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 10.0-12.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः 26 मई 2023 को उत्तराखंड के जिलों में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि/बिजली और तेज़ हवा (40-50 किमी प्रति घंटे) के साथ आंधी आने की संभावना है। 27 मई और 29 मई को भी अलग-अलग जगहों पर बिजली और तेज़ हवा (40-50 किमी प्रति घंटे) के साथ आंधी आने की संभावना है।

## सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| सूर्य की तीव्र या तेज किरणो से फल पेड़ो के तने पर बचाव के लिए पेड़ के तनो पर नीला थोता मिश्रित चूने का ( नीला थोता 1 किग्रा, चूना 30 किग्रा, आधा लीटर अलसी का तेल 100 ली0 पानी में मिलाकर) प्रयोग करे।

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| आगामी पांच दिनों में, 26 , 27 और 29 मई को कहीं-हींकहीं बूंदा-बांदी तथा हलकी हो सकती है, बदल छाए रहने की भी सम्भावना है । |

### फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| डाइन्चा | फसल में सिंचाई की सलाह दी जाती है। |
| गन्ना | किसान भाई यदि वसंत ऋतु में गन्ने में काला कीट का प्रकोप हो तो क्विनोलफॉस 25 ईसी 2 लीटर पानी में घोलकर प्रयोग करें। मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए सिंचाई तथा रसायन का छिड़काव करें। |
| मूँग | किसान भाई सिंचाई व निराई-गुड़ाई के कार्य पर मौसम पूर्वानुमान के अनुसार ध्यान दें। |
| मक्का | किसानों को मौसम पूर्वानुमान और बारिश के अनुसार पर्याप्त मात्रा में खेत में नमी बनाई रखनी चाहीये । जैसे-जैसे भुट्टे परिपक्व हो रहे हैं, पक्षियों से भुट्टों को बचाने के लिए पक्षी डराने के तरीकों का उपयोग करने की आवश्यकता है। जल भराव की स्थिति में अतिरिक्त पानी निकाल दें। |
| चावल | धान की नर्सरी तैयार करने और सीधे धूप से बचाने के लिए जालों का इस्तेमाल करना चाहिए। बुवाई शाम के समय करनी चाहिए। |

### बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भिण्डी | भिंडी के खेत में नमी बनाए रखें और पकी भिंडी की तुड़ाई करें। |
| टमाटर | किसान भाई टमाटर की फसल की तुड़ाई पूरी कर लें ।वायरल रोगों को नियंत्रित करने के लिए संक्रमित पौधों को हटा दें और नष्ट कर दें (जब मुरझाए हुए पत्ते दिखाई दे रहे हों) तथा सैप-चूसने वाले कीड़ों को नियंत्रित करने के लिए कीटनाशकों का छिड़काव करें। अंगमारी के प्रकोप को रोकने के लिए मैंकोजेब 2.5 ग्राम/लीटर या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 3.0 ग्राम/लीटर पानी का छिड़काव करें। किसान भाई छिड़काव मौसम के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए करें। |
| कद्दू | कद्दू वर्गीय सब्जियों के पत्तों पर धब्बे या फिर वह मुड़े हुए हों तो ऐसे पौधों को नष्ट कर दें। चूसने वाले कीड़ों से बचाने के लिए पौधों पर कीटनाशक का छिड़काव करें। छिड़काव मौसम के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए किआ जाये । फूलों को झड़ने से रोकने के लिए फसल में नमी बनाए रखें । |
| मिर्च | किसान भाई तैयार मिर्च की फसल की तुड़ाई भी पूरी कर लें । संक्रमित पौधों को हटा दें और नष्ट कर दें (जब मुरझाई हुई पत्तियां दिखाई दे रही हों)। विषाणु रोगों को नियंत्रित करें और सैप-चूसने को नियंत्रित करने के लिए कीटनाशकों का छिड़काव करें। तुषार का प्रकोप के रोकथाम के लिए मैंकोजेब 2.5 ग्राम/लीटर या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 3.0 ग्राम/लीटर पानी का छिड़काव करें। छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए करें । फूलों को झड़ने से रोकने के लिए फसल में नमी बनाए रखें. |

### पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गाय | गायों को आवश्यकतानुसार टीका लगवाएं। |
| भेंस | किसान निम्न बातों का ध्यान रखें कि पशुओं को नहलाना अति आवश्यक है। अत्यधिक ताप से जानवरो को बचाये तथा अच्छे वेंटिलेशन के लिए एग्जॉस्ट फैन लगाया जाना चाहिए। मच्छर के काटने से रोकथाम के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करे । |

### अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
| --- | --- |
| सामान्य सलाह | पोषक तत्वों के लिए मिट्टी का परीक्षण किया जाना चाहिए और तदनुसार पोषक तत्वों को जोड़ा जाना चाहिए मिट्टी। 20-25 सें.मी. तक गहरी जुताई करनी चाहिए। मैदान का समतलीकरण। |